Roll No. ...................................

# DD–2025

## B. Com. (Part II) EXAMINATION, 2020

**(Group—II : Compulsory)**

Paper First

COST ACCOUNTING

*Time : Three Hours*

*Maximum Marks : 75*

नोट : सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Attempt all the *five* questions. *One* question from each Unit is compulsory. All questions carry equal marks.

**इकाई—1**

**(UNIT—1)**

1. लागत लेखांकन का क्या अर्थ है ? लागत लेखांकन किन विशेष बातों में वित्तीय लेखांकन से भिन्नता रखता है ?

What is meant by Cost Accounting ? In what essential aspect does Cost Accounting differ from Financial Accounting ?

**अथवा**

*(Or)*

अग्रलिखित सूचनाओं के द्वारा सामान्य औसत मूल्य विधि द्वारा स्टोर लेजर खाताबही बनाइए :

| प्राप्तियाँ | | |
|---|---|---|
| दिनांक | इकाइयाँ | दर प्रति इकाई (₹) |
| 12 मई | क्रय 400 इकाइयाँ | 59 |
| 14 मई | एक आदेश से आधिक्य 30 इकाइयों की वापसी | 58 |
| 20 मई | क्रय 480 इकाइयाँ | 62 |
| 25 मई | क्रय 640 इकाइयाँ | 60 |
| 28 मई | एक आदेश से क्रय 24 इकाइयों की वापसी (निर्गमन 3 मई को) | |
| 31 मई | वितरक से प्राप्त 150 इकाइयाँ | 64 |

| दिनांक | निर्गमन |
|---|---|
| 3 मई | 140 इकाइयाँ |
| 4 मई | 250 इकाइयाँ |
| 8 मई | 210 इकाइयाँ |
| 16 मई | 350 इकाइयाँ |
| 24 मई | 608 इकाइयाँ |
| 26 मई | 524 इकाइयाँ |

प्रारम्भिक शेष 1 मई को 1100 इकाइयाँ ₹ 60 प्रति इकाई।





From the following information prepare the Stores Ledger Account based on Simple Average method of pricing issues :

| Receipts | | |
|---|---|---|
| Date | Units | Rate per unit (₹) |
| 12 May | Purchase 400 units | 59 |
| 14 May | Refund of surplus from a work order 30 units | 58 |
| 20 May | Purchased 480 units | 62 |
| 25 May | Purchased 640 units | 60 |
| 28 May | Refund of surplus from a work order 24 units (issues on 3 May) | |
| 31 May | Received from supplier 150 units | 64 |

| Date | Issues |
|---|---|
| 3 May | 140 units |
| 4 May | 250 units |
| 8 May | 210 units |
| 16 May | 350 units |
| 24 May | 608 units |
| 26 May | 524 units |

Opening balance on 1 May 1100 units of the of ₹ 60 per unit.

इकाई—2

(UNIT—2)

2. पारिश्रमिक की हाल्से-वीयर पद्धति के अन्तर्गत एक श्रमिक का दैनिक दर से 48 घण्टों के सप्ताह का ₹ 120 पारिश्रमिक है तथा इसके अतिरिक्त प्रति कार्य किये घण्टे का ₹ 1.00 जीवन निर्वाह अधिलाभांश है। उसे 8 घण्टे का कार्य करने के लिए दिया गया जिसे वह 6 घण्टों में पूरा कर लेता है। उसे बचाये हुए समय का 30% प्रब्याजि के रूप में मिलता है। उसकी कमाई की कुल घण्टा दर क्या होगी तथा क्या अन्तर पड़ेगा यदि रोवन पद्धति के अन्तर्गत भुगतान किया जाए ?

A worker under the Halsey-Weir method of remuneration has a day rate of ₹ 120 per week of 48 hours plus a cost living bonus of ₹ 1.00 per hour worked. He is given an 8 hour's task to perform which the accomplishes in 6 hours. He is allowed 30% of the time saved as premium bonus. What would be his total hourly rate of earnings and what difference would it make if he was paid under the Rowan method ?

अथवा

(*Or*)

'उपरिव्यय' की परिभाषा दीजिए। उपरिव्यय का वर्गीकरण कीजिए। स्थायी, परिवर्तनशील तथा अर्द्धपरिवर्तनशील उपरिव्यय को समझाइए।

Define 'Overheads'. Give classification of overheads. Explain fixed, variable and semi-variable overheads.





इकाई—3

(UNIT—3)

3. एक कम्पनी दो प्रकार के पंखे 'डीलक्स' एवं 'पॉपुलर' बनाती और बेचती है। वर्ष के दौरान उत्पादन की लागत निम्नलिखित थी :

| | ₹ |
|---|---|
| प्रत्यक्ष सामग्री | 2,40,000 |
| प्रत्यक्ष श्रम | 1,20,000 |
| उत्पादन उपरिव्यय | 1,20,000 |
| कुल | 4,80,000 |

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचनाएँ उपलब्ध हैं :

(i) डीलक्स में पॉपुलर की अपेक्षा दुगुनी लागत की प्रत्यक्ष सामग्री लगती है।

(ii) प्रत्यक्ष श्रम व उपरिव्यय डीलक्स व पॉपुलर में बराबर-बराबर विभाजित किये जाते हैं।

(iii) प्रत्येक प्रकार के पंखों पर कार्यालय उपरिव्यय प्रत्यक्ष श्रम लागत का 200% चार्ज किया जाता है।

(iv) दोनों ही प्रकार के पंखों पर विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय ₹ 2 प्रति पंखा है।

उत्पादित एवं विक्रय किये गये पंखों की संख्या है :

| | उत्पादन | विक्रय |
|---|---|---|
| डीलक्स | 60,000 | 50,000 |
| पॉपुलर | 1,20,000 | 1,00,000 |

यह मान लीजिए कि प्रारम्भ एवं अन्त में किसी प्रकार का कोई चालू कार्य नहीं था और उत्पादित पंखों का प्रारम्भिक स्टॉक शून्य था।

आप प्रत्येक पंखे की कुल लागत व लाभ दर्शाते हुए एक विवरण बनाइए। कम्पनी का प्रबन्ध विक्रय मूल्य का निर्धारण इस प्रकार करना चाहता है कि ताकि विक्रय मूल्य पर 20% लाभ कमाया जा सके।

A company produces and sells two types of fans 'Deluxe' and 'Popular'. The cost of production for the year was as follows :

| | ₹ |
|---|---|
| Direct Material | 2,40,000 |
| Direct Labour | 1,20,000 |
| Production Overheads | 1,20,000 |
| Total | 4,80,000 |

Following additional information is provided :

(i) Direct material in Deluxe type per fan costs twice as much as that of Popular type.

(ii) Direct wages and overheads are to be shared equally between Deluxe and Popular type fan.

(iii) Administrative overheads are to be charged at 200% of direct labour cost in each type of fan.

(iv) Selling and distribution overheads are ₹ 2 per fan sold for both types.

Number of fans produced and sold during the year :

| | Produced | Sold |
|---|---|---|
| Deluxe | 60,000 | 50,000 |
| Popular | 1,20,000 | 1,00,000 |

Assume there is no work-in-progress either at the beginning or at the end and opening stock of finished fans are nil. You are required to prepare a statement of total cost and profit of 20% on selling price.





अथवा

(*Or*)

31 दिसम्बर, 2018 को ठेका खाता संख्या 345 का निम्नलिखित व्यय एक कम्पनी की ठेका खाताबही में दिखाया गया है :

| | ₹ |
|---|---|
| सामग्री | 94,000 |
| प्लाण्ट | 12,000 |
| मजदूरी | 1,03,000 |
| स्थापना व्यय | 6,700 |

ठेका जनवरी 2018 में आरम्भ हुआ तथा ठेका का मूल्य ₹ 4,00,000 था। इस तिथि तक ठेके के ₹ 1,72,000 नकद प्राप्त हुए जो कि प्रमाणित कार्य के 80% थे। शेष 20% ठेका कार्य पूर्ण होने तक रोक लिये गये। हाथ में सामग्री का मूल्य ₹ 4,500 था तथा किया किन्तु अप्रमाणित कार्य ₹ 4,000 था।

प्लाण्ट पर 10% प्रतिवर्ष ह्रास मानकर इस तिथि तक दिखाते हुए ठेका खाता बनाइए तथा बताइए कि कम्पनी द्वारा लाभ का क्या अनुपात लाभ-हानि खाते में ले जाना उचित समझा जाएगा।

The contract ledger of a company showed the following expenditure on Account of Contract No. 345 at 31st December, 2018 :

| | ₹ |
|---|---|
| Materials | 94,000 |
| Plant | 12,000 |
| Wages | 1,03,000 |
| Establishment Charges | 6,700 |

The contract was commenced in Jan. 2018 and the contract price was ₹ 4,00,000. Cash received on account to date was ₹ 1,72,000 representing 80 percent of the work certified the remaining 20 percent being retained until completion. The value of material on hand was ₹ 4,500 and the work finished but not certified was ₹ 4,000.

Prepare an account in respect of the contract showing profit to date assuming depreciation on plant at 10 percent per annum and state the proportion of profit the company would be justified in taking to credit of the Profit & Loss Account.

इकाई—4

(UNIT—4)

4. एक निर्माणी संस्था का उत्पादन दो विधियों 'अ' और 'ब' से होकर गुजरता है फिर तैयार स्टॉक में जाता है। यह मालूम है कि दोनों विधियों में कुल प्रयुक्त भार का 5% कम हो जाता है और 10% अवशेष बचता है जो 'अ' और 'ब' विधियों का क्रमशः ₹ 80 प्रति टन तथा ₹ 200 प्रति टन बिकता है।

दोनों विधियों के समंक निम्नलिखित हैं :

| | विधि 'अ' | विधि 'ब' |
|---|---|---|
| सामग्री (टनों में) | 1000 | 70 |
| सामग्री की लागत (प्रति टन ₹ में) | 125 | 200 |
| मजदूरी (₹ में) | 28,000 | 10,000 |
| निर्माण व्यय (₹ में) | 8,000 | 5,250 |
| उत्पादन (टनों में) | 830 | 780 |

विधि लागत खाते तैयार कीजिए जो दोनों विधियों की प्रति टन लागत बताएँ। किसी भी विधि में कोई स्टॉक नहीं था।





The product of a manufacturing concern passes through two processes A and B and then to finished stock. It is ascertained that in each process 5% of the total weight is lost and 10% is scrap which from processes A and B realises ₹ 80 per tonne and ₹ 200 per tonne respectively.

Following are the figures relating to both the processes :

| | Process A | Process B |
|---|---|---|
| Materials (tonne) | 1000 | 70 |
| Cost of Materials (₹ per tonne) | 125 | 200 |
| Wages (₹) | 28,000 | 10,000 |
| Manufacturing Expenses (₹) | 8,000 | 5,250 |
| Output (tonne) | 830 | 780 |

Prepare Process Cost Accounts showing cost per tonne of each process. There was not stock in any process.

अथवा

*(Or)*

परिचालन लागत विधि की उपयोगिता स्पष्ट करते हुए एक लेख लिखिए।

Write an essay on operating costing method and explain its utility.

इकाई—5

(UNIT—5)

5. यह कहा जाता है कि "एक दक्ष परिव्ययांकन पद्धति आवश्यक रूप से ऐसे लेखे प्रस्तुत नहीं कर पाएगी जो कि परिणामों में वित्तीय लेखों से मिलान खाये।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

It has been stated that "an efficient costing system will not necessarily produce accounts which in their result will agree with the financial accounts." Explain this statement.

अथवा

(*Or*)

निम्नलिखित सूचनाएँ उपलब्ध हैं :

| | |
|---|---|
| स्थायी व्यय | ₹ 25,000 |
| परिवर्तनशील व्यय | ₹ 20 प्रति इकाई |
| विक्रय मूल्य | ₹ 30 प्रति इकाई |

निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(i) सम-विच्छेद बिन्दु (इकाइयों में)

(ii) ₹ 25,000 लाभ कमाने के लिए विक्रय

(iii) लाभ-मात्रा अनुपात

(iv) ₹ 3,00,000 विक्रय पर लाभ

(v) प्रति इकाई विक्रय मूल्य 10% कमी करने पर सम-विच्छेद बिन्दु।

The following information are available :

| | |
|---|---|
| Fixed Expenses | ₹ 25,000 |
| Variable Expenses | ₹ 20 per unit |
| Selling Price | ₹ 30 per unit |

Calculate the following :

(i) Break-even point (in units)





(ii) Sales to earn a profit of ₹ 25,000.

(iii) Profit-volume ratio.

(iv) Profit on sales of ₹ 3,00,000.

(v) Break-even point if price is reduced by 10% on per unit selling price.